# संस्था

# का

# वार्षिक

# प्रतिवेदन

# ग्रामीण विकास समिति,

प्रशा. कार्यालय – कालेज वार्ड–54 गोल चौक, रोहिनीपुरम, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)

Mob no.9009205000, 91315-45441 E-mail:- graminvs@yahoo.in,www.graminvikassamiti.org.in


## –: वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2017–18 :–

### 01 एकीकृत जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम IWMP :–

संस्था द्वारा IWMP परियोजना अंतर्गत महानदी अंगीरा ऋषि परियोजना नगरी IWMP-5 का संचालन वर्ष 2010–11 से लगातार सफलतापूर्वक किया जा रहा हैं। परियोजना अंतर्गत कुल 10 ग्राम पंचायत सम्मिलित है 10 ग्राम पंचायत अंतर्गत 17 ग्राम सम्मिलित है। परियोजना का कुल उपचारित क्षेत्रफल 3420 हेक्टे. है परियोजना हेतु कुल स्वीकृत लागत 410.40 लाख रूपये है। वर्ष 2017–18 में सम्मिलित ग्रामों में अभिसरण अंतर्गत कुल 20 कार्य कराये गये है जिनकी लागत 149.210 लाख रूपये हैं। जिसमें चेकडेम निर्माण, स्लूज गेट निर्माण, इनलेट निर्माण व लूज बोल्डर चेक, प्रोटेक्शन वाल, उलट निर्माण कार्य सम्मिलित हैं।





कार्य का नाम – नाला पथ उपचार कार्य व इनलेट निर्माण

**IWMP परियोजना अंतर्गत निर्माण किये गये कार्यो का विवरण निम्नानुसार हैं :–**

| क्र. | कार्य का नाम | संख्या | स्वीकृत लागत (लाख में) | | | कार्य की स्थिति | सिंचित रकबा (हेक्ट.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | IWMP | MGNREGA | योग | | |
| 1 | चेकडेम निर्माण | 04 | 33.07 | 11.50 | 44.58 | 02 पूर्ण<br>02 प्रगतिरत | 15 |
| 2 | स्लूज गेट निर्माण | 01 | 6.56 | 2.43 | 8.99 | प्रगतिरत | 12 |
| 3 | इनलेट निर्माण | 06 | 18.33 | 4.93 | 23.26 | 04 पूर्ण<br>02 प्रगतिरत | - |
| 4 | नाला पथ उपचार | 05 | 18.420 | 13.19 | 31.610 | पूर्ण | 04 |
| 5 | प्रोटेक्षन वाल | 01 | 7.80 | 5.60 | 13.40 | प्रगतिरत | - |
| 6 | उलट निर्माण | 01 | 3.82 | 1.56 | 5.38 | प्रगतिरत | - |
| 7 | सिंचाई नाली निर्माण | 02 | 16.70 | 5.29 | 21.99 | पूर्ण | 22 |
| | योग | **20** | **104.70** | **44.50** | **149.21** | | **53** |

**1) चेकडेम निर्माण कार्य :-** परियोजना अंतर्गत वर्ष 2017-18 हेतु कुल 4 नग चेकडेम निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। स्वीकृत कार्य अभिसरण (Convergence) के अंतर्गत कराये गये हैं। जिस हेतु IWMP से 33.07 लाख रूपये एवं MGNREGA से 11.50 लाख रू. कुल 44.58 लाख रू. की स्वीकृत प्राप्त हुई है। जिसमें कार्य 02 पूर्ण व 02 प्रगतिरत हैं।

| क्र. | मा.वा.शेड | स्वी. चेकडेम संख्या | स्वी. लागत | सिचिंत रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | घटुला | 01 | 19.98 | 04 |
| 2 | सेमरा | 01 | 10.55 | 04 |
| 3 | पांवद्वार | 01 | 9.870 | 04 |
| 4 | लटियारा | 01 | 4.18 | 03 |
| **कुल योग** | | **4** | **44.58** | **15** |




**कार्य का नाम - चेकडेम निर्माण**

चेकडेम निर्माण किये जाने से कृषको को सिचांई हेतु लाभ प्राप्त हो रहा हैं - जिसमें लगभग 12 कृषको को 15 हेक्टे. भूमि सिंचित होगी। साथ ही जल संरक्षण व मृदा संरक्षण भी हो रहा हैं।



**चेकडेम निर्माण**

**2) स्लूज गेट निर्माण :-** वर्ष 2017-18 में परियोजनातंर्गत सम्मिलित ग्राम - पंडरीपानी में सिंचाई कार्य में सुगमता हेतु तालाब में 01 स्लूज गेट निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्राप्त हुआ था। स्वीकृत कार्य अभिसरण (Convergence) के माध्यम से पूर्ण कराया जा रहा हैं। जिसमें IWMP से 6.56 लाख रुपये एवं MGNREGA से 2.43 लाख रुपये 8.99 लाख रू. का आंबटन प्राप्त हुआ हैं।

| क. | मा.वा.शेड | स्लूज गेट की संख्या | स्वी. लागत | सिचिंत रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंडरीपानी | 01 | 8.99 | 12 |
| **कुल योग** | | **01** | **8.99** | **12** |

स्लूज गेट निर्माण किये जाने से कृषको द्वारा आवश्यकतानुसार जल का उपयोग सिंचाई हेतु किया जा सकेगा जिससे लगभग 42 कृषको को 110 हेक्टे. सिचांई हेतु लाभ होगा। स्लूज गेट निर्माण से जल का दुरूपयोग नही होगा और जल संरक्षण में भी वृद्धि होगी।

**3) तालाब में इनलेट निर्माण :–** वर्ष 2017–18 में परियोजनातंर्गत सम्मिलित माइक्रोवाटर शेड ग्राम – सिहावा, भीतररास, पांवद्वार, पाईकभाठा के तालाब में अभिसरण (Convergence) अंतर्गत इनलेट निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिस हेतु IWMP से 18.33 लाख रू. एवं MGNREGA से 4.93 लाख रू. कुल 23.26 लाख रू. का आंबटन प्राप्त हुआ था। इनलेट निर्माण किये जाने से व्यर्थ बहकर जाने वाले जल को सुनिश्चित ढंग से तालाब में भंडारण किया जा रहा हैं। वर्षा ऋतु में जल बहाव के साथ आने वाले मृदा एवं अन्य वस्तुओ को तालाब में आने से रोका जा सकेगा जिससे तालाब के भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी।

| क. | मा.वा.शेड | इनलेट निर्माण की संख्या | स्वी. लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सिहावा | 01 | 4.54 |
| 2 | पांवद्वार | 01 | 3.28 |
| 3 | भीतररास | 03 | 11.64 |
| 4 | पाईकभाठा | 01 | 3.80 |
| **कुल योग** | | **06** | **23.26** |



मा.वा.शेड – सिहावा



मा.वा.शेड – भीतररास

**4) सिंचाई नाली निर्माण :–**

वर्ष 2017–18 में परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम – सिहावा, पाईकभाठा में असिंचित किन्तु उपयोगी उपजाऊ भूमि में फसल उत्पादन हेतु सिचांई नाली निर्माण किये जाने हेतु अभिसरण अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हुआ था। स्वीकृत निर्माण कार्य IWMP से 16.70 लाख रू. एवं MGNREGA से 5.29 लाख रू. कुल

21.99 लाख रू. की स्वीकृति अनुसार कार्य पूर्ण किया गया, जिससे वर्तमान में 22 हेक्टे. कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकी है।

| क. | मा.वा.शेड | सिंचाई नाली की संख्या | स्वी. लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सिहावा | 01 | 8.15 |
| 2 | पाईकभाठा | 01 | 13.84 |
| **कुल योग** | | **02** | **21.99** |





कार्य का नाम – सिंचाई नाली निर्माण

## 5) नाला पथ उपचार कार्य :–

वर्ष 2017–18 में परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित ग्रामो– लटियारा, सिहावा, पाईकभाठा में प्रवाहित नाले के तटबंध से हो रहे मृदा अपरदन की रोकथाम तथा अधिक जल भण्डारण हेतु नाला पथ उपचार निर्माण किये जाने हेतु अभिसरण अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हुआ था। स्वीकृत निर्माण कार्य IWMP से 18.42 लाख रू. एवं MGNREGA से 13.19 लाख रू. कुल 31.61 लाख रू. की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

| क. | मा.वा.शेड | नाला पथ उपचार की संख्या | स्वी. लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | लटियारा (साहनीखार) | 03 | 20.44 |
| 2 | सिहावा | 01 | 5.52 |
| 3 | पाईकभाठा (पद्मपुर) | 01 | 5.65 |
| **कुल योग** | | **05** | **31.61** |





कार्य का नाम – नाला पथ उपचार कार्य निर्माण

## 6) प्रोटेक्शन वॉल कार्य :–

वर्ष 2017–18 में परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम– सेमरा में प्रोटेक्शन वॉल (तटबंध) निर्माण किये जाने हेतु अभिसरण अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हुआ था। स्वीकृत निर्माण कार्य IWMP से 7.80 लाख रू. एवं MGNREGA से 5.60 लाख रू. कुल 13.40 लाख रू. की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

| क्र. | मा.वा.शेड | प्रोटेक्षन वाल की संख्या | स्वी. लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सेमरा | 01 | 13.40 |
| कुल योग | | **01** | **13.40** |




## 7) तालाब में उलट निर्माण कार्य :–

वर्ष 2017–18 में परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम– सेमरा में तालाब में उलट निर्माण कार्य किये जाने हेतु अभिसरण अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हुआ था। स्वीकृत निर्माण कार्य IWMP से 3.82 लाख रू. एवं MGNREGA से 1.56 लाख रू. कुल 5.38 लाख रू. की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

| क्र. | मा.वा.शेड | उलट निर्माण की संख्या | स्वी. लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सेमरा | 01 | 5.38 |
| कुल योग | | **01** | **5.38** |



## 02 प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना PMKSY (Other Intervention) :–

संस्था द्वारा संचालित परियोजना अंतर्गत वर्ष 2017–18 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना PMKSY (Other Intervention) के तहत 01 कार्यो कि स्वीकृति प्राप्त हुई। जिसकी 5.69 लाख है स्वीकृत कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कर लिया गया हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार हैं :–

| क्र. | कार्य का नाम | संख्या | स्वीकृत लागत (लाख में) | | | कार्य की स्थिति | सिंचित रकबा (एकड़) | लाभान्वित | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | IWMP | MGNREGA | योग | | | | |
| 1 | चेकडेम निर्माण | 01 | 3.91 | 1.78 | 5.69 | पूर्ण | 42 | 20 | |
| योग | | 01 | 3.91 | 1.78 | 5.69 | | 42 | 20 | |



**मा.वा.शेड – पाईकभाठ**
**स्वी. लागत – 5.69**

उपरोक्तानुसार चेकडेम निर्माण कार्य कराये जाने से नाले में जल भंडारण किया जा सकेगा, जिससे लगभग 09 कृषको को 42 एकड़ में फसल सिचांई हेतु लाभ प्राप्त होगा। साथ ही भू–जल स्तर में भी वृद्धि होगी।

## 03 विश्व जल दिवस (22 मार्च 2018) :–

(अगर बूंद–बूंद से सागर बन सकता है तो खत्म भी हो सकता है इसलिए पानी बचाओ)

एक प्यासे इंसान के लिए पानी की एक बुंद सोने की एक बोरी से भी अधिक मुल्यवान है के उद्बोधन संबोधन से विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्राम गिधावा ग्राम पचांयत – पांवद्वार वि.ख.–नगरी, जिला धमतरी (जहां पेयजल तथा निस्तारी की अत्यधिक समस्या रहती है) में संस्था द्वारा एक लघु कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था प्रमुख तथा अन्य सदस्यगण उपस्थित रह कर जल संरक्षण तथा संवर्धन संबंधित उपाय तथा चर्चा कर इस महती आवश्यकता के समुचित उपयोग संरक्षण, संवर्धन हेतु

उपस्थित जन साधारण को प्रेरक प्रसंगो तथा वास्तविक एवं प्रेरणा परक उदाहरणों से अवगत कराया गया। जिसमें की उपस्थित जन मानस को अपने कर्तव्य बोध का एहसास होकर सभी के द्वारा शपथ लिया गया कि जल का दुरूपयोग रोककर संवर्धन संरक्षण तथा समुचित उपयोग किया जायेगा

## 04 स्वच्छ भारत अभियान 02 अक्टुबर :-

स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा 02 अक्टुबर 2014 से महात्मा गांधी की 145वी जन्म दिवस के अवसर पर प्रारंभ किया गया, एक राजनीति मुक्त देशभक्ति से प्रेरित अभियान है। जिसकी सफलता हेतु संस्था द्वारा भी समय-समय पर प्रेरक प्रयास किया जाता है, इस संबंध में 02/10/2017 को संस्था द्वारा ग्राम पद्मपुर वि.ख. - नगरी जिला - धमतरी में ग्रामीणों के प्रेरक अवबोधन हेतु ग्रामीणो के साथ सहभागित होकर संस्था के सदस्यगण तथा अध्यक्ष द्वारा ग्राम की अस्वच्छ गलीयों की सफाई करते हुए स्वच्छता के महत्व उसके लाभ पर परिचर्चा की गई तथा भविष्य में इसी प्रकार ग्राम के प्रत्येक घर, गली तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया।



*स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम*

**05 पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम :-** संस्था द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संस्था द्वारा संचालित जलग्रहण परियोजना वि.ख. - नगरी में सम्मिलित ग्रामों सेमरा, भीतररास, पाईकभाठा, सिहावा, लटियारा व गढ़डोगरी माल में किया गया। जिसमें संस्था द्वारा जलग्रहण समितियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से प्रचार-प्रसार के माध्यम से पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने हेतु आमजन से अपील किया गया। परियोजना के परियोजना अधिकारी श्री पवन यादव द्वारा पर्यावरण का संतुलन बिगड़ने से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया एवं वृक्षो की कटाई न करने हेतु तथा वृक्षारोपण अधिक से अधिक करने हेतु अपील किया गया। अंत में पौध वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



वृक्षारोपण कार्यक्रम

## 06 अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन :–

संस्था द्वारा संचालित जलग्रहण परियोजना क्षेत्र में महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड नगरी, जिला – धमतरी के ग्राम पाइकभाटा में किया गया। जिसमें परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम सेमरा, घटुला, बोकराबेड़ा, सिहावा, पावंद्वार, लटियारा के सदस्य महिला स्व सहायता समुह के सदस्य एवं ग्राम वासियों के उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महिलाओं को शासन द्वारा संचालित कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को कहा गया साथ ही नेतृत्व की क्षमता वृद्धि करने पर प्रकाश डाला गया।



*महिला दिवस में आयोजित कार्यक्रम*

महिलाओं को समुह में व्यवसाय करने हेतु कहा गया। जिससे उनका आर्थिक व सामाजिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक कुरूतियों जैसे अधंविश्वास,टोनही, प्रताड़ना व नशाखोरी के खिलाफ एकजुट होकर दूर करने हेतु संकल्प लेने हेतु अपील किया गया। कार्यक्रम के अंत में नारी पढ़ेगी विकास गढ़ेगी के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## 07 नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन (22 जुन 2017) :–

संघर्ष को मानव जीवन का दुसरा नाम कहा जाता है, इस संघर्ष से व्यक्ति कुदंन की तरह शुद्ध व पवित्र बन पाता है। जिन लोगो का हृद्य कमजोर होता है या जिनका निश्चय सुदृंढ नही होता है वो संघर्ष के आगे घुटने टेक देते है वे अपनी असफलता से बचने के लिए नशे का सहारा लेते है। कुछ व्यक्ति शौक के कारण ऐसा करते है, किंतु अंत में व्यक्ति का पतन निश्चित है।



एक पतनोन्मुख व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए भी बहुत ही घातक सिद्ध होता है इसलिए समाज सुधारक तथा धार्मिक नेता समय –समय पर इस दुष्प्रवृत्तियों की निंदा करते हैं और उससें बचने की प्रेरणा देते है इसी कड़ी में नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर संस्था प्रमुख तथा अन्य सहयोगी सदस्यों के द्वारा जन मानस को इस विषय पर जागरूक करने तथा नशाखोरो को नशा मुक्ति हेतु प्रेरक पहल करके संबंधी क्रियाकलापों में भागीदार बनकर इस समाज और देश को नशा मुक्ति समाज, नशामुक्त देश की परिकल्पना को सार्थक तथा मूर्त रूप देने संबंधी पहल करने उद्देश्य से इस प्रकार के प्रेरक पहल ग्राम पाईकभाठा वि.ख. नगरी में नशा मुक्ति दिवस 22 जुन 2017 को ग्राम में प्रेरक तथा सफल पहल किया गया। जिसमें सरपंच महोदया, ग्राम पंचायत सदस्यगण जलग्रहण समिति के सदस्य तथा ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।